

Long-Term Care Home Update

*Community Newsletter*

Lakeridge Health

**ऑक्टोबर 2021**



## होम की नई प्रबंधक की तरफ से एक पत्र

Durham Region के समुदाय के लिए,

मेरा नाम Jennifer Bishop है, और Ajax Pickering Hospital में फिलहाल निर्माणाधीन दीर्घ-कालिक देखभाल होम के नए प्रबंधक के रूप में अपना परिचय देते हुए मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूँ। अपने समुदाय से जुड़ना, मेरी भूमिका का एक बहुत अहम हिस्सा है, और 2022 में होम के खुलने से पहले इस अवसर पर मैं आपको अपना औपचारिक परिचय देना चाहती हूं।

मैं Ottawa में बड़ी हुई और पढ़ी; हालांकि पिछले 22 सालों से Durham Region को मैंने अपना घर माना है। मैंने क्षेत्र के लिए दो दशकों से ज़्यादा काम भी किया है, जिसमें 13 साल Whitby में Fairview Lodge Long-Term Care Home में काम करना शामिल है। आप में से कुछ लोगों को 2014 में Fairview Lodge में लगी आग याद होगी। जहाँ यह बहुत से लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण समय था, वहीं यह बहुत मर्मस्पर्शी समय भी था, जब हमारा पूरा समुदाय निवासियों और स्टाफ को सहयोग देने के लिए एकजुट हो गया था। Fairview Lodge में काम करने के दौरान मैंने होम के पुनर्विकास और पुनर्निर्माण में सहयोग भी दिया, जो कि हाल में Lakeridge Health में किए गए मेरे काम का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

यह मेरा सौभाग्य है कि मैं काफ़ी समय से Lakeridge Health समुदाय से जुड़ी हुई हूँ। अगस्त 2020 से मुझे Ajax Pickering Hospital के बगल में बन रहे नए होम के लिए Lakeridge Health की निर्माण टीम को दीर्घ-कालिक परिपेक्ष्य प्रदान करते हुए सलाह और मार्गदर्शन देने का मौका मिला है।

हाल ही में, मैं होम के अंदर का दौरा कर पाई और जारी अविश्वसनीय प्रगति को देखना वाकई उल्लेखनीय है। होम को इतनी तीव्र गति से पूरा करने के लिए इतने सारे लोगों द्वारा किए गए प्रयास और समर्पण की मात्रा पर हम सभी को गर्व होना चाहिए।

जब होम खुलेगा, तो मेरा काम पूरे घर के कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सुदृढ़ नेतृत्व प्रदान करना होगा। इसमें हमारे भावी टीम सदस्यों को उनकी विभिन्न भूमिकाओं में सहयोग देना और सशक्त बनाना, परिवारों से बातचीत करना, निवासियों को व्यक्ति-केंद्रित देखभाल प्रदान करने में स्टाफ को सक्षम बनाना और सहयोग देना, सभी वैधानिक आवश्यकताओं की देख-रेख करना, और सबसे ज़रूरी, देखभाल की उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करना शामिल होगा।

Durham Region के वरिष्ठ नागरिकों और वृद्ध होते समुदाय को सुरक्षित, सहानुभूतिपूर्ण और व्यक्ति-केंद्रित देखभाल प्रदान करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है। दो बच्चों और दो सौतेले बच्चों की माँ होने के कारण परिवार भी मेरे लिए बहुत जरूरी है। इसी वजह से मैं हमेशा ऐसी संस्कृति बनाने का प्रयास करती हूं जो निवासियों, स्टाफ और उनके प्रियजनों के लिए एक स्वस्थ कार्यस्थल और पारिवारिक माहौल को बढ़ावा दे। मैं Ajax के दीर्घ-कालिक होम के प्रबंधक के रूप में अपने जुनून, विशेषज्ञता और अनुभव ले कर आने में बहुत उत्साहित हूँ।

अंत में मैं, समुदाय को धन्यवाद देना चाहती हूँ। आपके सहयोग और भागीदारी ने होम की प्रगति में अत्यधिक भूमिका निभाई है। मुझे विश्वास है कि नया दीर्घ-कालिक होम हमारे अद्भुत समुदाय को प्रतिबिंबित करेगा। मैं निकट भविष्य में आपसे मिलने और होम में आपका स्वागत करने के लिए प्रतीक्षारत हूँ।

आने वाले महीनों में नए होम के प्रक्रिया संबंधी रोलआउट की योजना बनाने के दौरान मैं आपके संपर्क में रहूँगी। इस दौरान यदि आपके मुझ से या होम से संबंधित कोई सवाल हैं तो कृपया AjaxLTC@lh.ca पर ईमेल भेजें।

भवदीय,
Jennifer Bishop

## इस महीने की निर्माण प्रगति

Ajax Pickering hospital के बगल में बन रहे नए दीर्घ-कालिक होम की प्रगति पटरी पर है और होम के अंदर की प्रगति हमारे प्रत्याशित मार्च 2022 के उद्घाटन के अनुसार चल रही है ।

पहली और दूसरी मंज़िलों पर होम के अंदर की फिनिशिंग चल रही है और समर्पित कार्य दल काम पूरा करने वाला है। कार्य दलों द्वारा पूरी इमारत में फिनिशिंग करने के दौरान यह प्रक्रिया आने वाले कुछ महीनों में जारी रहेगी। वास्तुशिल्प और निर्माण टीमों ने इस महीने एक मॉक-अप (नमूना) निवासी रूम तैयार कर लिया है। यह रूम - फर्नीचर, बाथरूम और लाइटों से सुसज्जित, और ताज़ा पेंट किया हुआ- होम के अन्य रूमों के लिए मॉडल के रूप में प्रयोग किया जाएगा।

हालांकि अधिकतर प्रगति होम के अंदर हुई है, तब भी आपने होम के बाहर भी हाल में कुछ बदलावों पर ध्यान दिया होगा। बाहरी इंसुलेशन और ब्रेसिंग को दो तरह के रंगों की साइडिंग से ढका जा रहा है। आने वाले हफ्तों में निर्माण एलेवेटर हटा दिया जाएगा और 24 निवासी बालकनियाँ पूरी हो जाएंगी। सड़कों का नेटवर्क, जो होम को Lakeridge Health की मौजूद सड़कों से जोड़ेगा, वह भी कर्ब स्थापन और पूरे हुए अंतिम ऊपरी परत के फर्श लगने के साथ पूरा होने वाला है।

नए पार्किंग गराज की नींव डालने के लिए कंक्रीट का पहला भाग भी इस महीने डाला गया। पूरा होने के बाद, इस पार्किंग संरचना से दीर्घ-कालिक देखभाल होम और अस्पताल के टीम सदस्यों, निवासियों, आगंतुकों और परिवार के सदस्यों को 500+ पार्किंग की जगह मिलेगी।

?

### क्या आपको पता है

ऑक्टोबर के दौरान, निर्माण-स्थल पर तकरीबन हर रोज 100 से अधिक ड्रायवेल उप-उद्योग के कर्मचारी काम कर रहे थे?

## नवंबर में क्या उम्मीद कर सकते हैं

आने वाले हफ्तों में, हम होम के भीतर और बाहर और प्रगति की उम्मीद कर रहे हैं। दूसरी मंज़िल, जिसमें मंज़िल के 64 निवासी रूम्स के साथ एक बिहेवियोरल (मानसिक स्वास्थ्य) इकाई शामिल है, पूरी हो जाएगी। पहली मंज़िल के सामान्य और सहायक क्षेत्र पूरा होने के अंतिम चरण में होंगे और अधिकांश ऊपरी मंजिलें अच्छी तरह से विकसित होंगी। बाहर से, साइडिंग की स्थापना लगभग पूरी हो गई होगी और भूनिर्माण आकार लेना शुरू कर देगा।



*इमारत के उत्तर की ओर नई बाहरी साइडिंग पर एक नज़र (11 अक्टूबर, 2021)*

### संपर्क में रहें

यदि आपके कोई प्रश्न हैं या होम के बारे में अधिक जानकारी चाहते हैं, तो कृपया **905-576-8711 एक्सटेंशन 34167** पर कॉल करें या **AjaxLTC@lh.ca** पर ईमेल करें। आप निरंतर ताज़ा खबरों के लिए हमारी वेबसाईट **www.lh.ca** पर भी जा सकते हैं!